# गणतंत्र दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री मनोज कुमार

## का

# संदेश

## 26 जनवरी, 2021

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
नागपुर



# गणतंत्र दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

हमारे साथी निदेशक गण, CVO, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्य, आदरणीया महिलाएं तथा Team WCL के सभी साथियों !

सर्वप्रथम आप सभी को 26 जनवरी, राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

मित्रों, आज का यह दिन हम सभी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।सात दशक पहले आज ही के दिन हमने अपना, अपने देश भारत वर्ष का संविधान अंगीकार कर, उसे आत्मार्पित और लागू किया था। 26 जनवरी,1950 को हमारा लोकतंत्र सम्प्रभुत्व संपन्न सत्ता घोषित हुआ। और, आज भी विश्व के सबसे मज़बूत लोकतांत्रिक देश के रूप में हमारा अस्तित्व अक्षुण्ण है।

हमारी कम्पनी WCL का मुख्यालय संतरा नगरी, नागपुर में अवस्थित है। यहां का दीक्षा भूमि स्मारक मध्य भारत की शान है। राष्ट्र के संविधान निर्माता और हम सबके आदरणीय भारतरत्न डॉ. भीमराव बाबासाहब आम्बेडकर का नाम इसके साथ प्रमुखता से जुड़ा है। संविधान ने हमें सामाजिक समरसता और समानता जैसी अनुपम भेंट दी है। राष्ट्रीय ध्वज़ तिरंगा के साये में हम यह पुनः याद करें कि एक ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में हम सब का दायित्व है कि हम संविधान में प्रदत्त अधिकार और कर्तव्य का पूर्णतः पालन करेंगे ।

दोस्तों, ठीक यही बात हमारे व्यक्तिगत और कार्यालयीन जीवन पर भी लागू होती है। हम सभी व्यक्तिगत स्तर पर भी अनुशासित रहें तथा अपनी कम्पनी के विस्तार और विकास के लिए सदैव तत्परता से कार्य करें। हमलोगों पर बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है - राष्ट्र को रौशन रखने की, ऊर्जा के स्रोत कोयला के उत्पादक हैं हम। देश के सजग नागरिक और एक ज़िम्मेदार कम्पनी-कर्मी के नाते आज हम यह संकल्प लें कि ऊर्जा के प्रमुख स्रोत-कोयला उत्पादन में हम अपना पिछला रिकार्ड अवश्य तोड़ेंगे। इसी तरह, OBR, कोयले की गुणवत्ता, कर्मियों की सेफ्टी तथा पर्यावरण को प्राथमिकता देते हुए हमें अपनी ज़िम्मेदारी निभानी है।

आप सभी से मेरा अनुरोध होगा कि हमेशा यह याद रखना है कि हम जिस भी पद पर काम कर रहे हैं, वह महत्वपूर्ण है। अतः एक परिवार की तरह, टीम-स्पिरिट को बनाये रख कर हम सभी को अपना योगदान करते रहना है। अपने सभी साथियों; (अधिकारी, कामगार, ठेकेदारी बंधु और श्रमिक संगठनों) से शत-प्रतिशत योगदान की आशा करता हूं।वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब सिर्फ दो महीने बच गये हैं। हम सभी को पूरा जोर लगाना है।60 मिलियन टन का आंकड़ा आप सब के सहयोग से कम्पनी निश्चय ही प्राप्त करेगी। इस पूरी कोशिश में कम्पनी के एक-एक कर्मी और उनके परिवार के सदस्यों का भी महत्वपूर्ण रोल है। मुझे विश्वास है और मैं अपील करता हूं कि इस पुनीत अभियान में हमारे श्रमिक संघों के

प्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग अवश्य मिलेगा। इन्हें प्राप्त करने के लिए 01 जनवरी से 31 मार्च तक MISSION:GATI / मिशन गति Goal Achievement Task Implementation की शुरुआत हमने की है। डिस्पैच बढ़ाने के लिए क्रशिंग, ट्रांसपोर्टेशन और साइडिंग को हमें दुरुस्त करना होगा। पिछले 05 नवंबर को हमने 50 रेक कोयला लोड किया था। आप सबके सहयोग और कड़ी मेहनत से जल्दी ही यह आंकड़ा भी हम पार कर लेंगे। हमने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की है। उनके सहयोग और समन्वय से हमें डिस्पैच के लक्ष्य को पूरा करना है। सही समय पर गुणवत्ता पूर्ण कोयला का प्रेषण हमारे अस्तित्व और वित्तीय स्थायित्व के लिए भी जरूरी है। इसमें सभी क्षेत्रों और मुख्यालय को भी अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मुझे पूरा विश्वास है, क्षेत्रों और कम्पनी मुख्यालय के आपसी तालमेल और सामंजस्य से अपनी योजना और कार्य की गति बढ़ाते हुए इसे हम ज़रूर पूरा करेंगे।

इस दिशा में सभी साथी और संबंधित विभाग प्रयासरत हैं। इस पूरी प्रक्रिया में परस्पर संवाद को बढ़ाने के लिए **रू-ब-रू** कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसके माध्यम से कम्पनी के कार्य-निष्पादन की ताज़ा स्थिति और तुरत तथा निकट भविष्य में होने वाली गतिविधियों से Team WCL के सदस्यों को अवगत कराया जायेगा तथा **रू-ब-रू** कार्यक्रम में **Star Performer of the Week** की घोषणा की जायेगी और स्थानीय स्तर पर उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इसी क्रम में आपको एक अच्छी पहल की जानकारी देते हुए मुझे ख़ुशी हो रही है कि इलेक्ट्रिकल डिग्री प्राप्त हमारे 57 कर्मियों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजर हेतु ट्रेनिंग दिलाया जायेगा, ताकि उनका कॅरियर ग्रोथ हो। नव वर्ष के उपहार स्वरूप जनवरी के प्रथम सप्ताह में हमारे 2690 कर्मियों को पदोन्नति दी गयी है, उन सभी साथियों को मैं हार्दिक बधाई देता हूँ। विभागीय चयन के द्वारा भी कई आवश्यक पदों को भरा गया है।

मित्रों,बड़ी पुरानी और शाश्वत कहावत है - 'एक सेहत ः हज़ार नेमत'। हमारे कर्मियों और उनके परिवार के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमलोग MISSION : SEHAT / मिशन ः सेहत शुरू कर रहे हैं। इसके अंतर्गत S-Sanitation Improvement, E-Effluent Treatment Improvement, H-Hospital Upgradation, A - Ambulance Upgradation और T - Treatment Standard पर पूरा ध्यान दिया जायेगा।

हमारे कर्मियों के स्वास्थ्य की समुचित देखभाल, रहन-सहन का स्तर ठीक करने के लिए कार्य-स्थल एवं कॉलोनियों में स्वच्छता तथा स्तरीय चिकित्सा व्यवस्था हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर और मज़बूत करना होगा। जीवन की गुणवत्ता में चिकित्सा, सिविल और कल्याण विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इन्हें और सुदृढ़ करना है तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समयबद्ध तरीके से सक्रिय प्रयास करने हैं। इसमें टीम मित्र और टीम शक्ति को भी अपना सक्रिय योगदान करना होगा।साथियों,लैंड एंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट का भी सराहनीय सहयोग हमें मिल रहा है। नवंबर, 2020 तक 1066 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हुआ है। इनमें से 277. 919 हेक्टेयर जमीन हमारे उपयोग के लिए उपलब्ध है। दिसंबर, 2020 तक 453 भू-विस्थापितों को नौकरी और 39 लोगों को नौकरी के एवज़ में मोनेटरी कम्पनशेसन का अनुमोदन किया गया है, जबकि परियोजना-प्रभावित 98 परिवारों का पुनर्वसन किया गया है। नयी परियोजनाओं के लिए भी युद्ध-स्तर पर प्रयास जारी हैं। विभिन्न चरणों में इसके सुखद नतीजे हमें शीघ्र मिलने शुरू हो जायेंगे।

हमारे सिस्टम्स डिपार्टमेंट ने HCM तथा WCL - Connect पोर्टल, रियल टाइम बिल ट्रैकिंग सिस्टम एवं e-Delivery Order आदि हमें उपलब्ध करवाया है, जिससे काम में सुविधा हो रही है। मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा कोरोना पैन्डेमिक में न्यू नार्मल और वर्चुअल प्लेटफ़ॉर्म पर 11 हज़ार से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

मित्रों, आपको यह बताते हुए मुझे ख़ुशी हो रही है कि अभी पांच दिन पहले, 21 जनवरी को माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने Team WCL को Sustainability के लिए Coal Minister's Award - 2020 से नवाज़ा है। 21 जनवरी को ही माननीय मंत्रीजी ने ERP में कोल इंडिया के प्रथम चरण में WCL के Go-Live का शुभारंभ किया। हमारी टीम के लिए यह बड़ी उपलब्धि और गौरव का विषय है।

इसके पूर्व कोल इंडिया स्थापना दिवस पर विभिन्न श्रेणी में सर्वाधिक 10 पुरस्कार पाने का गौरव भी हमारी झोली में ही है। इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल - 2020 में 'बेस्ट प्रैक्टिस फॉर रीसाइकल्ड वाटर यूटिलाइजेशन' सम्मान ने भी हमारा उत्साह बढ़ाया है। आप मेरी इस बात से सहमत होंगे कि ऐसे पुरस्कारों से हमारी जवाबदेही और बढ़ जाती है। शिखर पर पहुंचना अच्छी बात है, पर वहां टिके रहना भी बड़ी बात है। सामाजिक कार्यों को निरंतर शुरू रखना और पर्यावरण का संरक्षण-संवर्धन हमारी प्राथमिकता है।

दिसंबर में सीआईएल के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने अपने नागपुर-प्रवास में हमारे कार्य-निष्पादन की समीक्षा और नागपुर तथा चंद्रपुर क्षेत्र की खदानों का निरीक्षण किया। गोंडेगांव में सैंड सेग्रिगेशन प्लांट का उद्‌घाटन तथा HLOC में सैंड सेगरिगेशन प्लांट का शिलान्यास और प्रोसेस्ड वाटर फिल्टर प्लांट के लोकार्पण के दौरान उन्होंने टीम वेकोलि की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मुख्यालय में आयोजित 'श्रमेव जयते' समारोह में कोरोना-योद्धाओं को सम्मानित करते हुए उन्होंने लॉक डाउन में हमारे साथियों द्वारा जरुरतमंदों की मदद की भी भरपूर सराहना की।

मित्रों, इन उपलब्धियों के बीच हमारी चिंता में सेफ्टी सर्वोपरि है। कर्मियों की सेफ्टी के उपायों को और पुख्ता करना है। कम्पनी स्तरीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक में भी इस पर गंभीर चर्चा हुई। व्हाट्सएप्प ग्रूप तथा सेफ्टी फ़िल्मों आदि के माध्यम से जागरूकता के प्रयास जारी हैं। मेरी आपसे अपील है कि आप इसमें सुधार के सुझाव दें और यह सुनिश्चित करें कि सेफ्टी की कीमत पर कोयला-उत्पादन कतई नहीं करेंगे।

एक बात और-कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए, खुद अपना,अपनों का और अपने सहयोगियों का भी ख्याल अवश्य रखें।लेकिन यह भी ज़रूर है कि हमारा हौसला कोरोना पर भारी पड़ेगा, क्योंकि पूरी इंडस्ट्री में टीम वेकोलि अपनी अलग पहचान और जोश तथा जज्बे के लिए जानी जाती है।

एक बार पुनः गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !

नागपुर
26 जनवरी, 2021

(मनोज कुमार)

@TeamWCL WCL NEWS